हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 31 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

गोठान का होगा जीर्णोद्धार
चालू होगा बायो गैस संयंत्र

2



## खबर संक्षेप

### भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह आज

**चांपा।** नगर की अग्रणी साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था निराला साहित्य मंडल चांपा द्वारा भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसी दास जयंती समारोह गुरूवार 31 जुलाई को सायंकाल 4:30 बजें से डीबी वेंचर्स के प्रोप्राइटर धीरेन्द्र बाजपेयी के सदर बाजार चांपा स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया हैं। रामचरितमानस, सुंदरकांड एवं विनय पत्रिका जैसे महाकाव्यों के रचयिता एवं हिंदी साहित्य के महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक तथा पूर्व प्राचार्य पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी, भागवताचार्य पंडित दिनेश दुबे, अखिलेश पाण्डेय, रामगोपाल गौरहा, रामकिशोर शुक्ला, डॉ श्रीमति कुमुदिनी द्विवेदी, डॉ रविन्द्र द्विवेदी, धीरेन्द्र बाजपेयी, शशिभूषण सोनी, हेमंत सराफ, धनंजय देवांगन, राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल अपने विचारों से अवगत करायेंगे। प्रेस क्लब चांपा अध्यक्ष डॉ कुलवंत सिंह सलूजा,अक्षर साहित्य परिषद, ब्राम्हण समाज, स्वर्णकर समाज, अग्रवाल समाज तथा डीवी वेंचर्स के सहयोगी को आमंत्रित किया गया हैं। निराला साहित्य मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल, प्रधान सचिव डॉ रविन्द्र द्विवेदी तथा शशिभूषण सोनी ने सभी से पहुंचने की अपील की है।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा : आवेदन अब 13 तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा वृद्धि की गई है। आवेदन 13 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है एवं चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जायेगी। प्राचार्य पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा-5वीं में 31 जुलाई से पूर्व तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे तथा जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच है, वे नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### कृषकों के फार्मर रजिस्ट्री के लिए आज तक समितियों में लगेगा कैंप

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा छ.ग. राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कृषक पंजीयन के आधार पर किया जाना है। इसके लिए समितिवार दल गठित की गई है। गठित दल के माध्यम से कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री के लिए सेवा सहकारी समितियों में 31 जुलाई तक कैम्प आयोजित कर पंजीयन किया जाएगा।

### बीटीआई चौक से लेकर नहरिया बाबा मंदिर मार्ग का मामला

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, 51 को नोटिस के सालों बाद कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नहरिया बाबा मंदिर मार्ग में हो रहा बेजाकब्जा।

जिला मुख्यालय जांजगीर के बीटीआई चौक से लेकर नहरिया बाबा जाने वाले मार्ग के करीब 1 किलोमीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मामले को लेकर 51 लोगो को नोटिस जारी किया गया है। 8 साल पहले नोटिस जारी होने के बावजूद आज पर्यन्त इस पर कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिसके चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है।

गौरतलब है कि जांजगीर शहर के नहरिया बाबा मंदिर से लेकर बीटीआई चौक तक नहर किनारे करीब 1 किलोमीटर की जमीन जल संसाधन विभाग के अंतर्गत है। करीब 8 साल पहले जल संसाधन विभाग के तत्कालिन एसडीएम, नपा सीएमओ एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही शुरु की गई थी। इस दौरान कुछ अतिक्रमण भी हटाए गए। इसके बाद यह कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। इधर इस मामले को लेकर जलसंसाधन, पालिका एवं राजस्व अमले के द्वारा नहर किनारे के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 51 लोगों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कार्यवाही अब तक आगे नहीं बढ पा रही है, जिसके चलते अतिक्रमण करने वाले लोगों के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जल संसाधन विभाग के अफसरों के द्वारा करीब 3 साल पहले सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर नापजोख किया गया था, लेकिन यह कार्यवाही अब तक आगे नहीं बढ़ पा रही है। देखा जाए तो जलसंसाधन विभाग का काम महज नापजोख करने तक का सिमट कर रह गया है।

### नहर के दूसरी ओर चल रहा बेजाकब्जा का खेल

बीटीआई चौक से नहरिया बाबा मार्ग पर नहर किनारे हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई करने सिंचाई विभाग ने पूर्व में नोटिस जारी की थी। नहर के दूसरी ओर बीटीआई चौक से आईबी रेस्ट हाउस की ओर भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। विभाग द्वारा इस मार्ग पर अब तक न तो नापजोख की गई है और ना ही किसी प्रकार का नोटिस जारी किया गया है। वहीं नहरिया बाबा मार्ग में भी नहर के दूसरे साइड पर किसी तरह की नापजोख नहीं की गई है। जलसंसाधन विभाग के अफसरों के द्वारा करीब 3 साल पहले सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर जलसंसाधन विभाग के जमीन का नापजोख किया गया था, लेकिन विभाग द्वारा बेजाकब्जा हटाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी जमीन पर बेजाकब्जा

ग्रामीण क्षेत्रों की सरकारी जमीन पर बेजाकब्जा कर अवैध रूप से मकान व दुकान बनाने के साथ ही धान की फसल लगाने का मामला भी लगातार सामने आ रहा है। बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जाटा में सरकारी जमीन पर धान की फसल लगाने का मामला सामने आ चुका है। इसी प्रकार नवागढ़ क्षेत्र के पोड़ीरांछा स्थित मुख्य मार्ग के दोनों ओर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बड़े पैमाने पर मकान व दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इन पर कार्रवाई नहीं होने पाने के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। इसी प्रकार कई स्थानों के गौठानों पर भी अतिक्रमण करने की शिकायत सामने आ रही है।

### करेंगे कार्रवाई

नहरिया बाबा मंदिर से बीटीआई चौक तक करीब 1 किलोमीटर नहर किनारे दोनों ओर की जमीन जल संसाधन विभाग की है। अतिक्रमण मामले में पूर्व में नोटिस भी जारी हो चुका है। आगे की कार्यवाही नियमों के तहत की जाएगी।

-शशांक सिंह,
कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग

# पानी पाउच में बेची जा रही थी शराब पुलिस टीम ने ठिकाने पर दी दबिश

### पैकिंग करते युवक पकड़ा गया, 48 लीटर शराब के साथ सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



मौके से पकड़ा गया आरोपी व जब्त सामान।

अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने के ठिकाने पर दबिश देकर शिवरीनारायण पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बनाने का सामान जब्त किया है। मौके से एक युवक को शराब की पैकिंग करते पकड़ा गया है। पैकिंग मशीन और शराब बनाने के सामान के साथ ही 48 लीटर कच्ची महुआ शराब भी मिली है। पुलिस अब इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पतासाजी में जुट गई है।

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के सबरिया डेरा देवरी में कच्ची महुआ शराब बनाने की एक छोटी फैक्ट्री चल रही थी। महुआ शराब बनाकर पानी पाउच में पेकिंग कर शराब की बिक्री की जाती थी। नवपदस्थ थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी को इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने अपनी टीम के साथ दबिश दी। पुलिस की टीम ने जब छापेमार कार्यवाही की तो मौके पर एक युवक पाउच में शराब की पेकिंग कर रहा था। कमरे में बड़ी मात्रा में पाउच रखे थे। वहीं शराब बनाने का सामान भी मिला। मौके से पैकिंग मशीन, वायर बोर्ड, टुल्लू पंप, ड्रम, शराब रखने व बनाने का बर्तन, डिब्बा और 48 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने सबरीया डेरा देवरी निवासी 22 वर्षीय आरोपी संजय गौड़ के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया। लम्बे समय से शिवरीनारायण क्षेत्र में पानी पाउच में पैक कर महुआ शराब बेचे जाने की शिकायत सामने आ रही थी। नवपदस्थ थाना प्रभारी ने देवरी के सबरिया डेरा में दबिश देकर एक ठिकाने पर कार्रवाई की है।आरोपी को गिरफ्तार कर उसके अन्य साथियों की पतासाजी में पुलिस जुट गई है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, एएसआई रामप्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक किशोर दीवान, आरक्षक प्रवीण साहू, जीवन वैष्णव, राजेश कौशीक, बलराम यादव, रामकुमार कश्यप, जय कठोतिया, महिला आरक्षक प्रेमा जांगड़े का योगदान रहा।

### 6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



मालखरौदा। नगझर में पुलिस ने 6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस को मुखबिरसे सूचना मिली कि ग्राम नगझर में बाबी बंजारे उम्र 23 वर्ष अपने घर में अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। बाबी बंजारे के घर की तलाशी लेने पर 6 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी बाबी बंजारे को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्वाई की गई है।

# साल भर बाद भी दंपती की हत्या का नहीं हो सका खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



मुक्ता में साल भर पहले हुए डबल मर्डर की गुत्थी अब तक नहीं सुलझ सकी है। धारदार हथियार से वार कर दंपत्ति की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने कुछ दिनों तक काफी प्रयास किया, लेकिन उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पुलिस को अभी तक हत्या का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

ग्राम मुक्ता में पति-पत्नी के डबल मर्डर का मामला 31 जुलाई 2024 को सामने आया था। देर रात किसी अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर दंपति के निर्मम हत्या कर दी थी जिससे समूचे इलाके में सनसनी फैल गई थी। मृतकों की पहचान मगन गबेल (60 वर्ष) और उनकी पत्नी बुधवार बाई (55 वर्ष) के रूप में हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मगन गबेल और उनकी पत्नी बुधवार बाई दोनों किराना दुकान और खेती-बाड़ी करके अपना जीवन यापन करते थे। इन दोनों की कोई संतान भी नहीं थी। दोनों घर में सो रहे थे। इसी दरमियान देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनके सिर और गले पर वार कर उनकी हत्या कर दी थी साथ ही केरोसिन डालकर दोनों पति-पत्नी के सिर को जलाए जाने का प्रयास भी किया गया था। पुलिस ने हर एंगल से मामले की जांच की। बिलासपुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। पुलिस विभाग द्वारा जांच के लिए टीम गठित की गई थी, जो गांव के पंचायत भवन में डेरा डालकर 15 दिन तक लगातार ग्रामीणों से पूछताछ करती रही। विभाग ने 15 दिनों बाद कैंप हटा दिया था। इस बीच पुलिस विभाग एवं साइबर की टीम लगातार हाथ पैर मार रही है लेकिन अभी तक किसी प्रकार का सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है और यह मामला ठंडा बस्ते में जाता दिख रहा है।

### कर रहे प्रयास

पुलिस अपने स्तर पर पूरा प्रयास कर रही है, जैसे ही आरोपी पकड़ में आएंगे बताया जाएगा।

-हरीश यादव,
उप पुलिस अधीक्षक, सक्ती

### राज्य छात्रवृत्ति योजना के प्रत्येक लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय एवं अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आधार लिंक की अनिवार्यताः के संबंध में शासन द्वारा योजनावार निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 से राज्य छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है। इसके तहत सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों को उनके आधार से लिंक कर आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

# चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य, घंटो विलंब से चल रही ज्यादातर ट्रेने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानो पर इन दिनो चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य चल रहा है। जिसके चलते ज्यादातर ट्रेने घंटो विलंब से चल रही है। जिसके चलते रेल यात्रियो को काफी परेशानियो का सामना करना भी पड रहा है। इस तरह की स्थिती जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन में देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन को बिलासपुर रेल मंडल के द्वारा मांडल रेल्वे स्टेशन बनाया गया है। ताकि यहां से रेल्वे के माध्यम से यात्रा करने वाले रेल यात्रियो को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इधर बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने कई स्थानो पर इन दिनो चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य चल रहा है। जिसके चलते कई ट्रेने घंटो विलंब से चल रही है। जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन के से होकर बिलासपुर टिटलागढ, अमृतसर कोरबा छतीसगढ, विशाखापटनम कोरबा लिंक एक्सप्रेस, त्रषिकेश पूरी उत्कल कलिंगा, टाटा ईतवारी, बिलासपुर रायगढ, कोरबा रायपुर सहित अप डाऊन की दर्जनो गाडियां विलंब से चल रही है। जिसके चलते रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ गई है। जांजगीर नैला मांडल रेलवे स्टेशन के माध्यम से ना केवल जांजगीर शहर ब्लकि आसपास गांव बनारी, कुथुर, धाराशिव, पेन्ड्री, सिवनी नैला, सरखो, खोक्सा, खोखरा, दर्राभाठा, सुकली, पाली सहित नवागढ, शिवरीनारायण के लोग भी बडी संख्या में जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन के माध्यम से ट्रेन के मे बिलासपुर ,रायगढ, कोरबा, दिल्ली , मुंबई, नागपुर, कलकत्ता, चेन्नई सहीत अन्य प्रमुख शहर ट्रेन के माध्यम से ही आवाजाही करते है। वही ट्रेनो के घंटो विलंब से चलने के कारण रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ जाती है। खासकर बरसात के समय में तो परेशानी और भी होती है।

### दी जाती है सूचना

बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानो पर इन दिनो चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य चल रहा है । जिसके चलते ट्रेने विलंब से चल रही है। ट्रेन के लेट होने की सूचना एलाऊंस करके दी जाती है।

-विद्या विनय कुमार,
मुख्य स्टेशन मास्टर
जांजगीर नैला

# पोड़ीदल्हा मेले में मारपीट की आशंका पर 5 हजार स्टील के कड़े किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नागपंचमी पर पोड़ीदलहा मेले में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान मारपीट की आशंका को देखते हुए लोगों से 5 हजार स्टील के कड़े जब्त किए गए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोड़ीदलहा पहाड में मंगलवार 29 जुलाई को ऐतिहासिक मेले में बड़ी संख्या में नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालु दर्शन एवं मेले का आनंद लेने आए थे। थाना अकलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोड़ीदलहा पहाड़ मेला सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में स्टील के कड़े पहनने वाला युवकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इसके अतिरिक्त, कुछ युवकों द्वारा स्टील के पंच भी पहने गए थे, जिन्हें पुलिस ने तुरंत उतरवाया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की सक्रिय उपस्थिति अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा पुलिस टीम द्वारा लगातार मेले में पेट्रोलिंग की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए गए। इस पूरे अभियान की फोटो और वीडियो संकलित किए गए हैं। जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा इंसीडेंट फ्री रहे आयोजन में ड्यूटी पर तैनात समस्त स्टाफ को सम्मानित किया जाता है। साथ ही लोगों को शांति ढंग से मेले में घुमने और अशांति फैलाने वाले लोगों को समझाईश दी गई।



जब्त स्टील के कड़े।

### मयूर महल की थीम पर बन रहा 55 फीट ऊंचा और 80 फीट चौड़ा पंडाल

# बाल गणेश के रूप में विराजेंगे इस बार कचहरी चौक के राजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



आकर्षक पंडाल की तैयारी करते कारीगर।

शहर के हृदय स्थल कचहरी चौक में इस वर्ष भी गणेश उत्सव की धूम देखने को मिलेगी। पंडाल और मूर्ति बनाने का काम शुरू हो चुका है। इस बार कचहरी चौक के राजा बाल रूप में विराजेंगे। भगवान गणेश की 20 फीट ऊँची भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। वहीं पंडाल 55 फिट ऊँचा और 80 फीट चौड़ा होगा।

जाज्वल्यदेव गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 'कचहरी चौक का राजा' हर वर्ष की तरह इस बार भी नए स्वरूप में नई भव्यता और नवीनता के साथ स्थापित किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार बाल स्वरूप में भगवान गणेश की 20 फीट ऊँची भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। मूर्ति और पंडाल बनाने का काम शुरू हो चुका है। इस बार 'मयूर महल' की थीम पर आकर्षक पंडाल बनाया जाएगा। यह आकर्षक दरबार कोलकाता के दक्ष मूर्तिकारों और पंडाल निर्माताओं द्वारा साकार किया जा रहा है। पूरे पंडाल की ऊँचाई 55 फीट और चौड़ाई 80 फीट होगी, जिसे रंग-बिरंगी रोशनी और विशेष डिज़ाइन से सजाया जाएगा। भगवान गणेश पंडाल मेंमयूर से सुसज्जित महल के सिंहासन पर विराजमान होंगे। शाम होते ही इस थीम में प्रयुक्त विशेष लाइटिंग और लेज़र इफेक्ट्स से पूरा चौक जगमगाने लगेगा। उल्लेखनीय है कि जाज्वल्यदेव समिति द्वारा लगातार 17 वर्षों से इस स्थल पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। हर वर्ष एक नई थीम के साथ न केवल गणेश प्रतिमा का स्वरूप बदला जाता है, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया जाता है। गणेश स्थापना के दिन से लेकर विसर्जन तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कचहरी चौक का राजा न केवल जांजगीर बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धा और आकर्षण का बड़ा केंद्र बन चुका है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### प्रभावित शिक्षकों को मूल संस्था में कार्य करने की मिले अनुमतिः यादव

**कोरबा।** सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव विपिन यादव ने युक्तियुक्तकरण जिला समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान व प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में पूरक परीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु एवं छात्र हित में जिले के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से प्रभावित शिक्षकों को निराकरण समिति के अंतिम आदेश आने तक पूर्व संस्था में शैक्षणिक कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में जारी आदेश के विरुद्ध जिले के लगभग 60 से 70 शिक्षक उच्च न्यायालय बिलासपुर, सामान प्रशासन विभाग द्वारा गठित संभाग राज्य स्तरीय निराकरण समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं। सर्व शिक्षक संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि माननीय न्यायालय व समिति के अंतिम निर्णय आने तक समस्त अभ्यावेदन प्रस्तुतकर्ता शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के पूर्व पदस्थापना वाले विद्यालय में ही शैक्षणिक कार्य करने की अनुमति प्रदाय करने की कृपा करेंगे। ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में सर्व शिक्षा संघ के प्रदेश महासचिव विपिन यादव व जिला सचिव जय कुमार राठौर उपस्थित रहे।

### निगम की अव्यवस्थाओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त व सभापति को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** नगर निगम की जनविरोधी नीतियों एवं बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू के नेतृत्व में पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त एवं सभापति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि निगम के 67 वार्डों में जल आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है। तकनीकी खराबी या अन्य बहानों का हवाला देकर 3-4 दिन तक आपूर्ति बंद कर दी जाती है। नालियों और बाजार क्षेत्रों में गंदगी फैली है। कुछ वार्डों में 4-5 कार्य कराए जा रहे हैं, तो कुछ में एक भी कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। आरोप लगाते हुए कहा की कमीशन के चक्कर में फिजूलखर्ची हो रही है और नगर निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 14 और अंडर 16 का ट्रायल 3 अगस्त को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने विभिन्न आयु वर्गों के जिला क्रिकेट टीम चयन की तारीख घोषित की है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बी.बी साहू ने बताया कोरबा डिस्ट्रिक्ट जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने चयन प्रक्रिया कोरबा स्थित एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप क्रिकेट स्टेडियम में कराने की तिथियों का निर्धारण किया है। इसके तहत अंडर-14 वर्ग व अंडर –16 के खिलाड़ियों का ट्रायल 03 अगस्त को होगा। अंडर 14 के खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य व अंडर 16 के खिलाड़ियों का 1 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2012 होना जरूरी है। चयन प्रक्रिया में बतौर चयनकर्ता अनिल प्रजापति, अजय राय ,विशाल दुबे उपस्थित रहेंगे ।चयन प्रक्रिया के दौरान जिला क्रिकेट संघ के सचिव अखिलेश मणि तिवारी, सह सचिव जीत सिंह ,कोषाध्यक्ष छतलाल यादाव ,सदस्य उमंग सोनी उपस्थित रहेंगे। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से आरम्भ होगी वही पंजीयन के लिए आवश्यक कलर फोटो 2 नग,अंतिम 6 वर्षों की अंकसूची,डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,निवास प्रमाण पत्र के दस्तावेज कलर फोटोकॉपी में व पंजीयन शुल्क अनिवार्य है।

### एससी व एसटी वर्ग के छात्र 11 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग करने के लिए 11 अगस्त शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र तथा आवेदन से संबंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण ऐसे अभ्यथी जो ड्राप लेकर इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक हैं वे निर्धारित तिथि तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं।

## आयुक्त ने गोकुलनगर गौठान का किया निरीक्षण

# गोठान का होगा जीर्णोद्धार चालू होगा बायो गैस संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोकुलनगर में संचालित गोठान का जीर्णोद्धार किया जाएगा, इसके साथ ही गोठान परिसर में स्थापित बायो गैस संयंत्र को भी चालू कराया जाएगा। निगम आयुक्त ने गोकुलनगर पहुंचकर गोठान का निरीक्षण किया तथा उक्त व्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर निगम द्वारा गोकुलनगर में गोठान का संचालन किया जा रहा है, जहॉं पर मवेशियों के ठहराने व उनके खाने-पीने का प्रबंध किया गया है, शहर की सड़कों में विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से उठाकर उक्त गोठान में ही रखा जाता है, वर्तमान में गोठान में सौ से अधिक मवेशी रखे गये हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मंगलवार को गोठान के निरीक्षण के दौरान पाया कि वर्तमान में वहॉं पर अपेक्षाकृत शेड की संख्या कम है तथा और अधिक संख्या में शेड लगाया जाना आवश्यक है, ताकि गोठान में रखे गये सभी मवेशियों के लिए पर्याप्त छायादार स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर



गोठान का निरीक्षण करते आयुक्त व अन्य।

बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत व जीर्णोद्धार हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए। उक्त गोठान परिसर में निगम द्वारा पूर्व में बायो गैस संयंत्र की स्थापना कराई गई थी किन्तु संयंत्र को प्रारंभ नहीं किया जा सका था, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त संयंत्र का निरीक्षण किया, की गई व्यवस्थाओं को देखा तथा संयंत्र को चालू करने के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर के पार्षद श्री अशोक चावलानी एवं अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड का सघन रूप से भ्रमण किया। फेस-2 रेलवे लाईन के किनारे स्थित कालोनी में जलभराव की समस्या को दूर करने, वहॉं पर स्थित नाले की सफाई, आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य एवं नाले को रोड साईड पर कवर्ड करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि नाले के ओव्हरफ्लो होने के कारण होने वाले जलभराव को समाप्त किया जा सके। हारिका क्षेत्रांतर्गत बैंक कालोनी के समीप स्थित कटहल गार्डन का निरीक्षण किया गया।

### ट्रेलर के डाला की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी कोरबा निवासी अजय कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ट्रांसपोटिंग का काम करता है। केसर अंसारी उसकी ट्रांसपोर्ट कम्पनी में विगत 10 वर्षों से ट्रेलर वाहन चलाने का काम करते चला आ रहा है। अजय के ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को ड्राईवर केसर अंसारी विगत 2 वर्षों से चला रहा है। 25 जुलाई को अजय का ड्राईवर केसर अंसारी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को चांपा से लाकर शाम 6.30 लगभग ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा के आगे उक्त ट्रेलर वाहन के डाला क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को खडी कर इंजन को बनवाने के लिए आईचर वर्कशाप टीपी नगर में बनने के लिए दे दिया। 27 जुलाई को अजय अपने उक्त ट्रेलर वाहन के डाला को देखने गुरुद्वारा के पास गया था जहां रात्रि 9 बजे लगभग अजय उक्त ट्रेलर का डाला वहां पर खडा था। 28 जुलाई को शाम 4 बजे लगभग अजय के ड्राईवर केसर फोन करके बताया कि ट्रेलर वाहन के डाला क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। अजय की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी के साथ ठगी मैनेजर सहित तीन के विरुद्ध अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर निवासी मिंजोरी बाई उम्र 60 वर्ष पति स्व०सालिक राम देवांगन ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति सालिकराम एसईसीएल

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ओमपुर का मामला

रजगामार में नौकरी करता था, उसकी मृत्यू होने के पश्चात मिंजोरी बाई अनुकम्पा नियुक्ति पर एसईसीएल में नौकरी करती थी, वर्ष 2024 में मिंजोरी सेवानिवृत्त हो गई। ओमपुर निवासी रियाजुद्दीन आटो चलाने का काम करता है, मिंजोरी उसके आटो में बैठकर कभी कभार जाती थी। 6 जनवरी को मिंजोरी के बैंक खाता में 7 लाख 98 हजार 39 रुपए रिटायमेन्ट का पैसा आया था।

मिंजोरी रियाजुद्दीन के आटो में बैठकर रजगामार पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकलवाई थी। इस दौरान पीएनबी बैंक मैनेजर शाखा रजगामार के द्वारा मिंजोरी से कहा गया कि तुम्हारे एकाउंट में यदि पैसा रहेगा तो सारा पैसा कट जायेगा और बैंक मेनेजर ने मिंजोरी कहा कि रियाजुद्दीन या उसकी पत्नी के खाता में पैसा डलवा दे रहा हूं ये पैसा निकालकर तुमको दे कहकर कुछ कागज में मिंजोरी के हस्ताक्षर करवा लिया और मिंजोरी के खाते का पैसा रियाजुद्दीन के पत्नी के एकाउंट में आर.टी.जी.एस. कर दिया। जिसके उपरांत रियानुद्दीन और उसके पत्नी खुशबू दोनों मिंजोरी को ऑटो में बैठाकर एचडीएफसी बैंक शाखा कोरबा गये वहां से रियानुद्दीन और खुशबू दोनों बैंक से पैसा निकाला और अपने बैग में रखे 2 लाख रूपये दिया और मिंजोरी के द्वारा और 4 लाख रूपये की मांग की गई तो रियानुद्दीन के द्वारा कहा गया कि वह बैंगलोर जा रहा है वहां से वापस आकर देगा। अब मिंजोरी के द्वारा अपने पैसे की मांग की जाती है तो रियानुद्दीन और उसकी पत्नी खुशबू के द्वारा वाद विवाद किया जाता है। मामले की शिकायत प्रार्थिया मिंजोरी के द्वारा रजगामार चौकी में किया गया है जिस पर पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक के मेनेजर और रियाजुद्दीन और उसकी पत्नी खुशबू तीनों के विरुद्ध 318 (4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## स्कूटी सवार महिला टीचर को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सड़क हादसों का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं भारी मालवाहक वाहनों की रफ्तार भी कम नहीं रहती। जिसके परिणाम स्वरूप आए दिन हादसों को निमंत्रण देते रहता है। ऐसे ही एक तेज रफ्तार पिकअप सीजी 12 बीएच 1783 वाहन ने बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत अजगरबहार रोड में एक स्कूटी सवार महिला टीचर को जोरदार ठोकर मार दी। हादसा इतना खतरनाक था कि पिकअप वाहन स्कूटी के ऊपर ही जा पलटा। इस हादसे में स्कूटी सवार महिला को गंभीर चोट लगी है।

जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार पोडीबहार निवासी ऊषा तिर्की उम्र 45 वर्ष पति राकेश तिर्की बालको स्थित तिलाईडाढ स्थित स्कूल में टीचर के पद पर पदस्थ है। स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात अपने घर पोड़ीबहार कोरबा लौट रही थी। तभी सोनपुरी मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए महिला टीचर को अपने चपेट में ले लिया और स्कूटी के



गोल घेरे में दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी।

ऊपर पिकअप पलटी हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि महिला पिकअप के नीचे नहीं आई वरना बड़ी अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता था। हालांकि स्कूटी से गिरने और ठोकर लगने की वजह से महिला को गंभीर चोट भी लगी है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 में तैनात चालक सत्येंद्र सिंह गेंदले और आरक्षक हिमाचल सिंह द्वारा महिला को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### बैंक के अंदर महिला के पर्स से युवती ने निकाले पैसे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**कोरबा।** मंगलवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे तुलसीनगर निवासी हेमा साहू के पर्स से बैंक के अंदर ही एक महिला ने 40 हजार रुपए उड़ा लिए। हेमा साहू ने बताया कि वे बीमा सखी का कार्य करती है। मंगलवार की दोपहर वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मैंन ब्रांच ट्रांसपोर्ट नगर गई थी। जहां उसने अपने खाते से 40 हजार रुपए निकाले। रुपए पर्स में रखकर वह पासबुक में एंट्री कराने लगी। इसी बीच एक सलवार सूट पहनी अज्ञात महिला हेमा साहू के पीछे खड़ी हो गई। उसने सोचा कि वो भी किसी बैंकिंग कार्य से आई होगी बाद में वह चली गई। इस बीच जब हेमा साहू ने चेक किया तो उसके 40 हजार रुपए गायब थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## हैवी ब्लास्टिंग से जर्जर हुआ पंचायत भवन, नए की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों ने कलेक्टर से नये पंचायत भवन की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि खदान में रोजाना हो रहे हैवी ब्लास्टिक की वजह से पंचायत भवन के छज्जे का प्लास्टर गिर गया है, दीवारों पर दरारें पड़ गई हैं। जिसकी वजह से पंचायत भवन जर्जर हो गया है। जहां काम करना संभव नहीं है। दीपका कोयला खदान का हरदीबाजार आबादी के करीब पहुंचने से



क्षेत्र में रह रहे लोगों के समाने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। जहां क्षेत्र का कुआं हो चाहे बोर सब जमींदोज हो गये हैं। मकान हैवी ब्लास्टिंग से कमजोर हो रहे हैं तो कहीं छत का मलवा ज़मीन पर गिर रहा है। जिसकी शिकायत कलेक्टर, एसईसीएल दीपका प्रबंधन एवं तहसीलदार हरदीबाजार सहित थाना में की गई है, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता।

ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर अजित बसंत को समस्याओं से अवगत कराया कि रहवाश इलाके से खदान की दूरी महज 30 मीटर है, कोयला खदन में मिट्टी उत्खनन, कोयला उत्खनन व हैवी ब्लास्टिंग से हरदीबाजार पंचायत भवन, पटवारी कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुकी है।

## जिले के खिलाड़ियों ने जीते 2 स्वर्ण, 5 रजत एवं 8 कांस्य सहित कुल 15 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायगढ़ में 16 से 20 जुलाई तक किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 15सौ खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं ऑफिसियल ने किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट,किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स में हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के महिला पुरुष खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गों में हिस्सा लिया। राज्य के 88 खिलाड़ियों एवं 14 ऑफिशियल्स ने उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर 8 स्वर्ण, 13 रजत एवं 37




प्रतियोगिता के दौरान मार्च पास्ट करते प्रदेश के खिलाड़ी।

कांस्य सहित 58 पदक जीतकर देशभर में छठवां स्थान प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार विवरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। जिले के सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत तथा 8 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीता। जिनमें अंकुश यादव स्वर्ण एवं रजत, श्रेया शुक्ला स्वर्ण, लोकिता चौहान 2 रजत, रेहाना फातिमा, कपिल पटेल रजत तथा प्रभात कुमार साहू, शुभम यादव, प्रतिभा राय, तबस्सुम सैयद डबल इवेंट, कृष्णा डडसेना, रमेश सहने कांस्य पदक जीता। जुनैद आलम, संजय साहू, हेमंत कुमार यादव ने भी अपने अपने वजन वर्ग में शामिल रहे।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

# स्थानांतरण के बाद जॉइनिंग नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और लम्बित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने कहा। उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजना अंतर्गत अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड में शामिल सभी विभागों के योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की।

उन्होंने कम रैंकिंग वाले विभाग राजस्व, उद्योग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य, जिला पंचायत, श्रम और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करें। बैठक में कलेक्टर अजीत वंसत ने अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड अंतर्गत समीक्षा करते हुए



बैठक में शामिल प्रशासनिक अधिकारी।

केपीआई में सुधार के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने ई डिस्ट्रिक्ट अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदन को अनावश्यक निरस्त व वापसी नहीं करने, समय सीमा के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने व्यवन्दन कार्ड के लिए छुटे हुए लोगों का आधार कार्ड बनाने और स्थान चिन्हित कर शिविर लगाने और डोर टू डोर संपर्क कर आधार अपडेशन के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सभी का आधार सीडिंग और डीबीटी के माध्यम से भुगतान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि वे विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ श्रमिकों और उनसे जुड़े परिवार के सदस्यों तक पहुचाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने शिविर लगाकर श्रमिकों के पंजीयन के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स में प्रगति लाने, जिला पंचायत को स्वच्छता सहित अन्य इंडिकेटर्स में उपलब्धि लाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और ओआइसी को भी समीक्षा के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

उन्होंने ग्राम करमन्दी में वन अधिकार पट्टा वितरण की आई शिकायत के बाद हुई जाँच के आधार पर फर्जी पट्टा पर कार्यवाही के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि शासकीय जमीन की अफरातफरी संबंधित शिकायत वाले प्रकरणों में जाँच की कार्यवाही जल्दी की जानी चाहिए ताकि समय पर आवश्यक कार्यवाही हो सके।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., सेमी-प्राइवेट वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन मे गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

## लाइफ Style



# भूमि
## हर किसी की होती है अपनी पसंद


इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला



# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।



# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।



**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

### 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



### फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉड्र्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉड्र्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रही चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकतीः सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।






**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन 3 नॉर्मल डिलीवरी



**बिर्रा।** बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिर्रा में बुधवार 30 जुलाई को तीन नॉर्मल डिलीवरी सफलतापूर्वक कराया गया। तीनों महिलाएं अलग-अलग गांवों की रहने वाली है। जिसमें से स्वस्थ दो लड़का और एक लड़की की जन्म हुई है। श्रीमती सुमन यादव उम्र 19 वर्ष गांव सेमरिया को लड़की, श्रीमती ममता कोशले उम्र 20 वर्ष गांव किकिरदा को लड़का और लक्ष बाई कुर्रे उम्र 33 वर्ष गांव सोनादह को लड़का हुई है। डॉ के के बरेठ ग्रामीण चिकित्सक, श्रीमती संगीता तिवारी स्टाफ नर्स , प्रतिमा कुर्रे, वन्दना रतडे, जयंती खूंटे, रजनी कर्ष, नमीता वाल्टर, मितानीन - फिरतीन कश्यप, दुकाला बाईं पालेकर किकिरदा और गायत्री यादव का विशेष योगदान रहा है।

### शिवरीनारायण मठ में आज मनाई जाएगी गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण मठ में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रावण शुक्ल सप्तमी गुरुवार 31 जुलाई को तुलसी जयंती का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को रविवारीय राम कथा में उपस्थित होने वाले सभी मानस प्रवक्ता एवं श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज एवं कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। दोपहर 1:30 बजे सभी उपस्थित श्रद्धालुओं, मानस प्रेमियों को भोजन प्रसाद की प्राप्ति होगी।

### आवास योजना की निगरानी में लापरवाही जनपद ने थमाया कारण बताओ नोटिस

**गोधना।** ग्राम पंचायत कुकदा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के संचालन में अनियमितता की शिकायतों के बाद जनपद पंचायत नवागढ़ ने तैनात आवास मित्र कुलदीप कश्यप को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जनपद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, कुलदीप कश्यप को योजना के तहत लाभार्थियों से संबंधित कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने खुद कार्य न कराकर किसी अन्य व्यक्ति से कार्य करवाया। इससे न केवल शासन की योजना प्रभावित हुई, बल्कि ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की ओर से शिकायत प्राप्त होने पर जांच में लापरवाही की पुष्टि हुई। इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दो दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख है कि जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय औषधि मूल्य नियंत्रण प्राधिकरण को मार्जिन वृद्धि के लिए लिखा पत्र

**चांपा।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने राष्ट्रीय औषध मूल्य नियंत्रण प्राधिकरण के अध्यक्ष को पत्र लिखकर रिटेलर एवं होलसेलर के व्यापार मार्जिन में वृद्धि हेतु निवेदन किया गया है, जिसमें कहा गया है कि फार्मास्युटिकल क्षेत्र में रिटेलर्स एवं होलसेलर के व्यापार मार्जिन में लम्बे समय से कोई परिवर्तन न होने के कारण व्यवसाय चलाने में काफी दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में दवा व्यवसाय को संचालित करना अत्यंत महंगा होता जा रहा है, क्योंकि कई अनिवार्य शासकीय निर्देशों एवं बढ़ती संचालन लागतों के कारण आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। अविनाश की इस मांग का समर्थन करते हुए जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष अविनाश शर्मा एवं सचिव पवन पालीवाल ने बताया कि व्यय काफी बढ़ गए है जिसमें सभी मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक बिक्री एवं क्रय का विस्तृत रिकॉर्ड रखना आवश्यक है, बिजली बिल एवं अन्य प्रशासनिक खर्चों में निरंतर वृद्धि हो रही है। पत्र में लिखा गया है कि वर्तमान व्यापार मार्जिन संरचना की समीक्षा करें तथा इसे थोक विक्रेताओं के लिए 15 प्रतिशत एवं खुदरा विक्रेताओं के लिए 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए, ताकि यह व्यवसाय आर्थिक रूप से व्यवहार्य बना रह सके और समाज को निरंतर सेवा प्रदान कर सके।

### तमिलनाडु में आयोजित व्हील चेयर क्रिकेट प्रतियोगिता में हरि का चयन

**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ से व्हील चेयर क्रिकेट एसोसिएशन चेन्नई तमिलनाडु में मालखरौदा से प्रतिभागी हरि सोनवानी का चयन हुआ है। 30 जुलाई को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मालखरौदा जनपद पंचायत अध्यक्ष कवि शरण वर्मा से सौजन्य भेंट कर रवाना हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा मालखरौदा विकास खंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र से इंडिया लेबल पर हरि सोनवानी व्हील चेयर क्रिकेट प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी।



46 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर याद किए गए पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेन्द्र कुमार सिंह

# शिक्षा व रोजगार के साथ ही किसानों की समृद्धि के लिए कुमार साहब ने जीवन पर्यंत किया काम : राघवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अंचल के जन नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेन्द्र कुमार सिंह की 46 वी पुण्यतिथि के अवसर पर राजेन्द्र कुमार सिंह स्मृति आयोजन समिति अकलतरा एवं बनाहिल द्वारा ग्राम बनाहिल के शासकीय प्राथमिक शाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंचस्थ अतिथियों द्वार राजेन्द्र कुमार सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि दादाजी कुमार साहब ने जीवन पर्यंत क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार व किसानों की समृद्धि के लिए कार्य किया। अकलतरा एवं बलौदा विकासखंड में खेतों में पानी पहुंचाने के लिए उन्होंने नहर का निर्माण कार्य करवाया गया था। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नगर में इंदिरा उद्यान का निर्माण कार्य करवाने के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सीसीआई सीमेंट संयंत्र की स्थापना में अपना विशेष योगदान दिया गया। क्षेत्र के लोगों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए नगर में सन 1954 में राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला की स्थापना की। रवि सिंह सिसोदिया ने कहा कि राजेन्द्र कुमार सिंह के परिवार द्वारा सन 1930 से क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। क्षेत्र का सच्चे जनसेवक होने के कारण सन 1977 के विधानसभा चुनाव में जनता लहर होने के बाद भी कुमार साहब ने मुंबई के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद भी प्रचंड मतों से चुनाव में विजय प्राप्त की। जन सेवा के वे सदैव याद किए जाएंगे। लव सिंह चंदेल ने कहा कि कुमार साहब राजेन्द्र कुमार सिंह का 1952 में आईएएस में चयन होने के बाद भी क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए आईएएस के पद को त्याग कर वापस अकलतरा नगर में आ गए। कार्यक्रम को अशोक अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, मणि शंकर गुरुद्वान ने भी संबोधित किया। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बनाहिल को क्षेत्र की उत्कृष्ट शाला बनाने के लिए स्कूल में स्मार्ट क्लास के लिए प्रोजेक्टर एवं शिक्षण सामग्री का वितरण करने के साथ स्कूल के नए भवन के निर्माण कार्य के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। शाला में कक्षा पहली से पांचवी तक क्लास में प्रथम, द्वितीय एव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने के साथ-साथ छात्र - छात्राओं को पाठ सामग्री का वितरण भी किया। कार्यक्रम में खुलन सोनवानी, सुंदर लाल पटेल, शुशांत सिंह, नवल किशोर सिंह, सुमित प्रताप सिंह, नवनीत सिंह, अमित सिंह, हरे मुरारी सिंह, बलौदा नगर पंचायत अध्यक्ष कविता डहरिया, ललिता पाटले, अनिल शुक्ला, गोविंद देवांगन , अजय जगत, रामगोपाल रात्रे, मनोज यादव, जितेंद्र सिंह, संतोष सिंह बैस, धनराज सिंह चौहान, भविष्य चंद्राकर, मनोज अग्रवाल, महेश्वर टंडन, अब्दुल मोईद, छत्रपाल साहू, पतराम साहू, प्रतिपाल सिंह,, संदीप यादव, संजू शर्मा, रविन्द्र सिंह बैस, महेन्द्र सहगल, ध्रुव बरेठ, अल्गुराम भैना, भवानी सिंह, विनीत नोरगे, राकेश साव, कुमार राठौर, भरत साहू, सुमित केड़िया, सुरेंद्र सिंह, अमित सिंह बैस, सुरेंद्र सिंह, मिलूं साहू, विक्रम सिंह चौहान, पुष्पराज सिंह, राजेश जायसवाल, दिनेश मिरी, हर्षवर्धन सिंह, संतोष यादव, राज सिंह, मून खान, शुभांकर सिंह, सौरभ सिंह, अंकित सिंह सिसोदिया, अभिजीत सोनवानी, अमित यादव, मुकेश कौशिक, अविनाश साहू, पृथ्वीराज सिंह, आयुष गोयल, उमंग शराफ, अपूर्व पाल सिंह, संस्कार गुप्ता, हर्ष धीवर, आर्यन सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण करते विधायक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अतिथिगण।

### राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में दी गई श्रद्धांजलि

नगर के राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में राजेन्द्र कुमार सिंह की 46 वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, राजेन्द्र कुमार सिंह के छायाचित्र पर माल्यानपर्ण एवं पूजा अर्चना शुभा सिंह एवं विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा की गई, शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा द्वारा श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1954 में नगर में राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा स्कूल की स्थापना की गई थी दिवस 71 वर्षों से स्कूल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया जा रहा है शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए राजेन्द्र कुमार सिंह क्षेत्र में सदैव याद किए जाएंगे,कार्यक्रम में 2 मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अपित की गई, कार्यक्रम में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सदस्य अविनाश लाटा निखिल कौशिक, शाला के पूर्व प्राचार्य आर सी मिश्रा, आर के पांडेय, वर्षा यादव एवं शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित थे ।

### लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में पधारोपण किया गया

राजेन्द्र कुमार सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में लक्ष्मण मुकीम, शुभा सिंह, विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह , लायंस शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा स्कूल के प्राचार्य एस श्रीवास्तव एवं लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा पौधारोपण करने के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया, शाला के छात्र - छात्राओ द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया , दो मिनट का मौन धारण कर राजेंद्र कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, कार्यक्रम में अरूण राणा, गौरी सिंह चौहान, देवेन्द्र जैन, मदन मोहन सिंह, प्रमोद शराफ, लायंस क्लब के अध्यक्ष गगन सिंघानिया, सचिव अनिमेष केडिया, कोषाध्यक्ष मुकेश केडिया, नरेश अग्रवाल, नरेश केड़िया, नानक चंद्र अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, शिक्षिका सीमा देवनाथ, अरुणा शर्मा, वर्षा चावड़ा, सुरेंद्र यादव, गुडेन्द्र कुमार एवं स्कूल के स्टॉफ उपस्थित थे।



भालेराय मैदान की दुकानों में घुसा बारिश का पानी।

## भालेराय मैदान की दुकानों में घुस रहा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय नगरपालिका परिषद की लापरवाही से भालेराय खेल मैदान में आईडीएसएमटी योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में इन दिनों बारिश का पानी जमा होकर घुस रहा है। इससे संबंधित दुकान संचालक परेशान है, लेकिन पालिका प्रशासन समस्या की सुध नहीं ले रहा है।

स्थानीय नगरपालिका प्रशासन द्वारा वर्षों पूर्व आईडीएसएमटी योजनांतर्गत भालेराय खेल मैदान में अनेक दुकानों का निर्माण कराया गया है। इन दुकानों से लगी नालियों के मलबे की सफाई वर्षों से नहीं की गई है। इसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि नाली का जाम मलबा बारिश होने से जमा पानी को बहने से रोक देता है, जिसके कारण बरसाती पानी जमा होकर दुकानों में घुस रहा है। इससे संबंधित दुकानदार काफी परेशान है। उनकी दुकानों में पानी घुसने से जहां इनमें रखी सामग्री का नुकसान हो रहा है तो वहीं उन्हें भी दुकान संचालन में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में अनेकों बार पालिका प्रशासन को सूचित करने के बावजूद आज तक नालियों में जाम मलबे की सफाई नहीं कराने से स्थिति जस की तस है।

**खास बात**

- नाली का मलबा सालों से नहीं हो रहा साफ

### इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थी 11 तक कर सकते हैं आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 11 अगस्त समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर से संपर्क किया जा सकता है।

### वित्तीय अनियमितता के आरोपियों पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** अकलतरा वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद शेख सितारा मनोज टंडन द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पूर्व में हुए नगर पालिका अकलतरा में गौण खनिज मद की राशि 2 करोड़ 13 लाख रुपए में हुई अनियमितता एवं फर्जी व बिना जीएसटी बिल के किए गए भुगतान की जांच के बाद छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 14 जुलाई को जारी पत्र के निर्देश पर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करनेकी मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। पार्षद ने बताया कि विधानसभा सत्र में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा नगर पालिका अकलतरा में गौण खनिज मद की राशि में हुए अनियमितता का मामला उठाया था जिसके विभागीय जांच पश्चात विभाग द्वारा भारी अनियमितता पाया गया जिसमें तात्कालिक सीएमओ सौरभ तिवारी, उपयंत्री अशोक कवंर, भुनेश साहू ,लेखपाल अमरदीप विश्वकर्मा एवं लिपिक अजय शर्मा को निलंबित कर दिया गया था एवं तात्कालिक नगर पालिका अध्यक्ष को नोटिस जारी की गई थी एवं विस्तृत जांच कर शिकायत प्रमाणित होने पर एफआईआर दर्ज कराकर तत्काल अवगत कराने का निर्देश दिया गया था लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है। वर्तमान नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह को वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद शेख सितारा मनोज टंडन द्वारा तत्काल इसका विधिवत रूप से एफआईआर दर्ज कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।




## राज्य स्तरीय कराटे में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप स्वतंत्रता कप का आयोजन स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम कोटा, रायपुर में 26 एवं 27 जुलाई को हुआ। आयोजन समिति व भारत कराटे अकादमी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष खेत्रों महानंद ने बताया इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 17 जिलों से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और आत्मरक्षा, अनुशासन एवं खेल भावना का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

- खिलाड़ियों ने जीसे गोल्ड व ब्रांस मेडल

प्रतियोगिता भारत कराते अदाकदमी के तत्वधान में शिहान भरत शर्मा कराते इंडिया ओर्गनइजेशन के दिशानिर्देश में आयोजित कि गई हैं। जिसमे सक्ती जिला के कराटे कोच सुमित खुंटे, कोच मैनेजर इंद्रजीत रात्रे के नेतृत्व में जिला से 5 खिलाडियों ने अपना जोहर दिखाए और मेडल हासिल किया, गौरी खुंटे कैडेट गर्ल वर्ग में गोल्ड मेडल रजनी खुंटे ब्रांश मेडल सरिता कुर्रे ब्रांश मेडलमांशु रत्नाकर ब्रांश मेडल सोहित कुर्रे ब्रांश मेडल सभी खिलाडियों ने अपने अपने वर्ग में मेडल हासिल कर जिला का और माता पिता का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। सक्ती ज़िला पहुंचे पर नया बाराद्वार अध्यक्ष राणायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जीतेश शर्मा, वार्ड 10 के पार्षद अजय राजपूत, वार्ड 09 के पार्षद प्रतिनिधि भरत कर्ष, वार्ड 12 के पार्षद भोजराम खूंटे, भगत खांडे और ज़िला के सिनियर कोच संतोष खूंटे, कमलेश बरेठ सभी खिलाडियों को आशीर्वाद देते हुआ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



नगर आगमन पर खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि।

### पौधरोपण कर युवाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी में 29 जुलाई मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर ' एक पेड़ मां ' अभियान के तहत गांव के युवाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गांव के गेटद्वार सड़क किनारे एवं मंडल तालाब के किनारों पर बेल , गुलमोहर , आम आदि के पौधे लगाए गए। युवाओं ने बताया कि पेड़ लगाने से ग्राम में हरियाली बढ़ेगी और वातावरण शुद्ध रहेगा । पौधरोपण कर इसे परंपरा बनाएंगे ताकि भविष्य की पीढ़ियों को शुद्ध हवा व वातावरण मिलें। इस अवसर पर डा. रविशंकर मोंगरे, डा. नीलकंठ कालेलकर, डॉ. कैलाश निर्मलकर, दिलीप कुमार साहू, शिवनन्दन राठौर, मोनू कर्ष, गणेनराम यादव, राजू पालेकर, राहुल लाठियां, नीतीश किरण,भाजपा युवा नेता धरमजीत सिंह राठौर, पार्षद प्रतिनिधि रामगोपाल यादव, बसंत सूर्यवंशी सहित ग्राम के लोग उपस्थित थे।



### भोजली प्रतियोगिता के लिए ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह

**तुस्मा।** आगामी 10 अगस्त को होने वाली भोजली पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर आयोजित होने वाली पारंपरिक भोजली प्रतियोगिता को लेकर इस बार विशेष तैयारी की जा रही है। आयोजकों ने प्रतियोगिता को और अधिक रोचक व प्रेरणादायक बनाने के लिए पंचायत पदाधिकारियों द्वारा आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक विधि से भोजली (जौ, गेहूं आदि के अंकुरित पौधे) की सजावट एवं धार्मिक अनुष्ठान की प्रस्तुति करती हैं। आयोजकों के अनुसार इस बार प्रथम पुरस्कार के रूप में 2000, द्वितीय पुरस्कार 1500, तृतीय पुरस्कार 1000, चतुर्थ पुरस्कार 551, पंचम पुरस्कार 501, षष्ठम पुरस्कार 501,सप्तम पुरस्कार 501 रखा गया है। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार और विशेष श्रेणियों जैसे सबसे सुंदर सजावट एवं पारंपरिक परिधान कुल 17 प्रतिभागियों को ईनाम दिए जाएंगे।.रामीण महिलाओं व युवतियों में इस प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मनी ट्रांसफार्मर के नाम पर 10 हजार रुपए की ठगी, सीसीटीवी में आरोपी कैद

**बिर्रा।** आनलाईन सर्विस सेंटर में दस हजार रूपए की मनी ट्रान्सफर करने के नाम पर ठगी करके शख्स फरार हो गया। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बिर्रा के जय मां चण्डी मंदिर के पास राजू कश्यप चाल में आनलाईन सर्विस सेंटर में सुबह 9.30 बजे एक शख्स आया। वह सर्विस सेंटर में दस हजार रूपए आनलाईन ट्रान्सफर करने की बात कही। श्रीमती रमशिला महेंद्र मेश्राम के नाम पर दस हजार रुपए ट्रान्सफर किया तथा जैसे ही दस हजार रुपए ट्रान्सफर किया तो शख्श ने तीन घंटे तक सर्विस सेंटर संचालक और साथी को विश्वास में रखे रहा। इसके बाद वह अपने मोबाईल से बाते करते रहा कि जल्दी रूपए भेज दो, वहीं सर्विस सेंटर संचालक को समोसा लाकर दिया। तब सर्विस सेंटर के संचालक ने भूख नहीं होने की बात कही। ऐसे में तीन घंटे गुजरने के बाद उसने सर्विस सेंटर संचालक को मोबाइल चार्जिंग करने के लिए दिया और यूरिन करने का रास्ता पूछा। तब संचालक ने बाहर से इस शख्स को देखा तथा कुछ ही दूरी जाने के बाद अचानक गायब हो गया। आनलाईन सर्विस सेंटर संचालक ने खोजबीन किया तो पता नहीं चला। इसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस थाना को दी। मामला सामने आने पर पुलिस चौकन्ना हो गई। पुलिस कुछ कर पाती तब तक काफी देर हो चुकी थी। सीसीटीवी कैमरे में उस शख्स का चेहरा दिखाई दे रहा है। वहीं जिसके नाम से मनी ट्रान्सफर किया है इनके भी प्रिट में नाम दिखाई दे रहे हैं।

विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की तैयारियां करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 29 जुलाई को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह के गरिमामय आयोजन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने मंच, परेड एवं रिहर्सल, साउंड सिस्टम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण कार्ड, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शहीद परिवारों को सम्मान सहित आमंत्रित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गयें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रक्रियाधीन सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में तेजी से और गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रजत जयंती वर्ष 2025 का आयोजन 15 अगस्त से प्रारंभ होकर 25 सप्ताह की समयावधि तक आयोजित होगा। इस विशेष आयोजन में सभी विभागों के माध्यम से आयोजन राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय, जनपद स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किए जाएंगे, जो गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर आधारित होंगे। कलेक्टर ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सरकारी, निजी क्षेत्र एवं आम जनमानस की सक्रिय सहभागिता से जन गौरव और देश भक्ति को बढ़ावा देना, उत्सव के माध्यम से राज्य के हर कोने तक पहुंचना है। इसके साथ ही उन्होंने शासन से प्राप्त अन्य निर्देशों से सभी सभी अधिकारियों को अवगत कराते हुवे आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

